**कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड / COCHIN SHIPYARD LIMITED**

**कोच्ची / KOCHI- 682015**

**चिकित्सा केंद्र / MEDICAL CENTRE**

सं./No.CSL/Med/PRMA/2025 20 नवंबर/November 2025

## परिपत्र / CIRCULAR

## सीएसएल रडर मोबाइल ऐप के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए नुस्खा प्रस्तुतीकरण और दवाइयां वितरण हेतु डिजिटल प्लेटफॉर्म का कार्यान्वयन

**Implementation of Digital Platform for Prescription Submission and Medicine Dispensation for Retired Employees through CSL Rudder Mobile App**

"लोक पहले" और डिजिटल परिवर्तन के प्रति सीएसएल की निरंतर प्रतिबद्धता के अनुरूप, सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा सहायता योजना (पीआरएमएएस) के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके पात्र आश्रितों को नियमित दवाओं के प्रस्तुतीकरण, प्रसंस्करण और प्रेषण हेतु एक नई ऑनलाइन प्रणाली विकसित और शामिल की गई है।

In line with CSL's continued commitment towards "People First" and Digital Transformation, a new online system has been developed and incorporated for the submission, processing, and dispatch of regular medicines to retired employees and their eligible dependents under the Post-Retirement Medical Assistance Scheme (PRMAS).

वर्तमान में, सीएसएल चिकित्सा केंद्र से लगभग 1000 सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके आश्रितों को नियमित रूप से दवाइयां वितरित की जा रही हैं। इतनी बड़ी संख्या में नुस्खा और दवा वितरण को मैन्युअली प्रबंधित करना एक बडी चुनौती है, जिससे संचार व निगरानी की दक्षता सीमित हो जाती है ।

Currently, medicines are being regularly issued from the CSL Medical Centre to around 1000 retired employees and their dependents. Managing such a large number of prescriptions and dispatches manually presents logistical challenges and limits efficiency in communication and tracking.

इन चुनौतियों का समाधान करने और तेज़, पारदर्शी और त्रुटि-मुक्त प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु, सीएसएल रडर मोबाइल ऐप को जोडा गया है ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए अपने चिकित्सा नुस्खों को ऑनलाइन प्रबंधित करने हेतु एक समर्पित मॉड्यूल शामिल किया जा सके। यह नई प्रणाली एक सहज एंड-टू-एंड डिजिटल समाधान प्रदान करती है, जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारी सीधे अपने मोबाइल फोन के ज़रिए अपने चिकित्सा नुस्खों को अपलोड, ट्रैक और प्रबंधित कर सकते हैं।

To address these challenges and ensure faster, transparent, and error-free processing, the CSL Rudder Mobile App has been enhanced to include a dedicated module for retired employees to manage their medical prescriptions online. The new system offers a seamless end-to-end digital solution, enabling retirees to upload, track, and manage their medical prescriptions directly through their mobile phones.

### प्रणाली की मुख्य विशेषताएं / Key Features of the System:

- **दवाओं के नुस्खों का सीधा अपलोड :** सेवानिवृत्त व्यक्ति स्वयं और आश्रितों के लिए चिकित्सा नुस्खों की तस्वीरें सीधे अपलोड कर सकते हैं।
  **Direct Upload of Prescriptions:** Retirees can directly upload photos of medical prescriptions for self and dependents.

- **रीयल टाइम ट्रैकिंग :** नुस्खों की प्रक्रिया, दवाओं या विकल्पों के आबंटन और प्रेषण विवरण की स्थिति पर नज़र रखने की सुविधा।
  **Real-time Tracking:** Facility to track the status of prescription processing, allotment of medicines or substitutes, and dispatch details.

- **नुस्खों का प्रबंधन :** किसी भी समय नुस्खों को रोकने, रद्द करने या फिर से शुरू करने का विकल्प।
  **Manage Prescriptions:** Option to pause, cancel, or resume prescriptions at any time.

- **तत्काल सूचनाएं :** दवाओं के प्रेषण सहित हर अद्यतन के लिए पुश सूचनाएं और ई-मेल अलर्ट।
  **Instant Notifications:** Push notifications and email alerts for every update, including dispatch of medicines.

- **ऑनलाइन चैट सुविधा :** सेवानिवृत्त व्यक्ति प्रश्नों और स्पष्टीकरण के लिए चिकित्सा केंद्र टीम से सीधे बातचीत कर सकते हैं।
  **Online Chat Facility:** Retirees can interact directly with the Medical Centre team for queries and clarifications.

- **प्रोफाइल प्रबंधन :** स्वयं और आश्रितों की प्रोफाइल जानकारी देखने और अद्यतन करने की सुविधा।
  **Profile Management:** Facility to view and update profile information of self and dependents.

- **प्रेषण पते में परिवर्तन :** सुविधानुसार वितरण पते को संशोधित करने का प्रावधान ।
  **Change of Dispatch Address:** Provision to modify delivery address as per convenience.

**नई डिजिटल प्रणाली के लाभ / Advantages of the New Digital System:**

- **बढ़ी हुई सुविधा :** सेवानिवृत्त कर्मचारी बिना किसी व्यक्तिगत मुलाकात या ई-मेल के, कहीं से भी अपने नुस्खे जमा कर सकते हैं और उनकी निगरानी कर सकते हैं।
  **Enhanced Convenience:** Retired employees can submit and monitor their prescriptions from anywhere, without the need for physical visits or emails.

- **पारदर्शिता और स्पष्टता :** प्रसंस्करण और प्रेषण स्थिति की वास्तविक समय में दृश्यता संचार संबंधी कमियों को दूर करती है।
  **Transparency and Clarity:** Real-time visibility of processing and dispatch status eliminates communication gaps.

- **प्रचालन दक्षता :** चिकित्सा केंद्र के कर्मचारी नुस्खों और पूछताछ का कुशलतापूर्वक प्रबंधन कर सकते हैं, जिससे समय की काफी बचत होती है।
  **Operational Efficiency:** Medical Centre staff can manage prescriptions and queries efficiently, saving significant time.

- **त्रुटि-मुक्त वितरण :** डिजिटल रिकॉर्ड दस्ती त्रुटियों को कम करते हैं और दवाओं की सटीक सुपुर्दगी सुनिश्चित करते हैं।
  **Error-Free Dispensation:** Digital records reduce manual errors and ensure accurate delivery of medicines.

- **बेहतर मालसूची प्रबंधन :** स्वचालित ट्रैकिंग और अद्यतन, फॉर्मेसी को स्टॉक के स्तर की निगरानी और पुनःपूर्ति को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में सक्षम बनाते हैं।
  **Better Inventory Management:** Automatic tracking and updates enable the Pharmacy to monitor stock levels and manage replenishment more effectively.

- **गतिशील अद्यतन :** नुस्खे में किसी भी संशोधन या बदलाव को तुरंत दर्ज किया जा सकता है, जिससे अद्यतित अनुपालन सुनिश्चित होता है।
  **Dynamic Updates:** Any modification or change in prescription can be captured instantly, ensuring up-to-date compliance.

- **सीएसएल के कार्यनीतिक लक्ष्यों का समर्थन करना :** यह पहल सीएसएल के मूल मूल्यों, *"लोक पहले", "प्रचालन उत्कृष्टता" और "डिजिटलीकरण"* के अनुरूप है।
  **Supports CSL's Strategic Goals:** This initiative aligns with CSL's core values of *People First*, *Operational Excellence*, and *Digitalization.*

**<u>सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सिस्टम तक पहुंचने के चरण / Steps for Retirees to Access the System:</u>**

1. **सीएसएल रडर ऐप डाउनलोड करें / Download the CSL Rudder App**
   - एंड्रॉइड उपयोगकर्ता : *गूगल प्लेस्टोर* पर जाएं और "सीएसएल रडर ऐप" खोजें।
     Android users: Visit *Google Playstore* and search for "CSL Rudder App."
   - आईफोन उपयोगकर्ता : एप्पल ऐपस्टोर पर जाएं और "सीएसएल रडर ऐप" खोजें।
     iPhone users: Visit *Apple Appstore* and search for "CSL Rudder App."
2. **चिकित्सा केंद्र द्वारा पंजीकरण / Registration by Medical Centre:**
   - चिकित्सा टीम योग्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एक्सेस के लिए पंजीकृत करेगी।
     The Medical Team will register eligible retired employees for access.
   - पंजीकरण पूरा होने पर, सेवानिवृत्त कर्मचारी को ई-मेल के ज़रिए एक पुष्टिकरण संदेश भेजा जाएगा।
     Once registration is complete, a confirmation message will be sent to the retiree through *email.*
3. **लॉगिन और उपयोग / Login and Use:**
   - सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने कर्मचारी कोड का उपयोग करके लॉग इन कर सकते हैं और दवाइयां अपलोड करना, अपनी स्थिति पर नज़र रखना और अन्य संबंधित कार्यों का प्रबंधन शुरू कर सकते हैं।
     Retirees can log in using their *employee code* and start uploading prescriptions, tracking their status, and managing other related functions.

**<u>कार्यान्वयन / Implementation:</u>**

नई प्रणाली तत्काल प्रभाव से लागू होगी । सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अब से नुस्खा प्रस्तुत करने हेतु इस सुविधा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ।
The new system will be operational with immediate effect. All retired employees are encouraged to use this facility for submitting prescriptions henceforth.

किसी भी सहायता या स्पष्टीकरण के लिए, सेवानिवृत्त कर्मचारी सीएसएल चिकित्सा केंद्र फॉर्मेसी (0484-2501414), रडर ऐप में ऑनलाइन चैट सुविधा या pharmacy.csl@cochinshipyard.in पर ई-मेल के ज़रिए संपर्क कर सकते हैं।

For any assistance or clarification, retirees may contact the CSL Medical Centre Pharmacy (0484-2501414), the online chat feature in the Rudder App or through email at pharmacy.csl@cochinshipyard.in

यह डिजिटल पहल सीएसएल में एक अधिक कुशल, पारदर्शी और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अनुकूल स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन प्रणाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे लगभग 1000 सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके आश्रितों को दवाओं के सुव्यवस्थित, वास्तविक समय और त्रुटि-मुक्त वितरण का लाभ मिलेगा।

This digital initiative marks a significant step towards a more efficient, transparent, and retiree-friendly healthcare management system at CSL, benefitting around 1000 retired employees and their dependents through streamlined, real-time, and error-free dispensation of medicines.

सीएसएल रडर ऐप के ज़रिए इस सुविधा का लाभ उठाने हेतु विस्तृत चरण-दर-चरण निदेश त्वरित संदर्भ के लिए *अनुलग्नक 1* में संलग्न हैं।

Comprehensive step-by-step instructions for availing this facility through the CSL Rudder App are enclosed at *Annexure 1* for ready reference.

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है ।

This is issued with the approval of the Competent Authority.

**(डॉ. सी टी सुधीर / Dr. C T Sudhir)**


**मुख्य चिकित्सा अधिकाती / Chief Medical Officer**


सेवा में / To


सभी सेवानिवृत्त कर्मचारीगण - रिटायर कॉर्नेर के ज़रिए
All Retired Employees – Through Retirees Corner


प्रतिलिपि / Copy to:

नि(वि)/नि(प्र)/नि(तक) / D(F)/D(O)/D(T)
का.नि.(तक)/का.नि.(पो.नि.)/मु.स.अ./ED(Tech)/ED(SB),CVO
मु.म.प्र./म.प्र./कं.स./उ.म.प्र./CGMs/GMs/Co Secy/DGMs
अ.एवं प्र. नि. का का.स./EA to CMD


| | |
|---|---|
| Login Screen |  |


| | |
|---|---|
| Initial screen displayed when a retiree logs in to the CSL Rudder App. |  |


| | |
|---|---|
| Clicking "MEDICINES" displays the listed tiles. |  |

| | |
|---|---|
| Retirees can use the "PRESCRIPTIONS" screen for uploading their new prescriptions, replacing any existing active prescriptions and pausing or resuming their active prescriptions. Also, different reports on the prescriptions submitted can be viewed. |  |


“UPLOAD NEW PRESCRIPTION” Retirees can upload the new prescription or replace the existing prescription here.




| | |
|---|---|
| Prescription submission confirmation |  |

| | |
|---|---|
| Successful Prescription Submission message |  |


| | |
|---|---|
| Retirees can view all the active prescriptions upon clicking the tile “ACTIVE PRESCRIPTIONS”. |  |

| | |
|---|---|
| Sample uploaded/approved prescription |  |


| | |
|---|---|
| Active prescription details |  |


“PAUSE/RESUME DISPATCHED MEDICINES”


If a retiree wants to temporarily pause an active prescription due to reasons like going abroad or undergoing for another treatment, he/she can use this option to pause active prescriptions. Medicine dispensing will be temporarily withheld for paused prescriptions. The retiree can resume a paused prescription at any time to continue receiving medicines.




Pause the existing active prescriptions





| | |
|---|---|
| Enter the reason for pausing the prescription |  |

| | |
|---|---|
| Confirmation to pause prescription |  |


| | |
|---|---|
| Prescription paused |  |

“REPORTS” Different reports on the prescriptions submitted can be viewed based on the selection of the status.




| | |
|---|---|
| Various status of prescriptions that a retiree can select for report viewing. |  |


A sample report displayed based on the selection of the status ‘Active’.




“DISPATCHED MEDICINES” Retirees can view the list of active prescriptions for which medicines are being dispensed.





"CONTACT US" Retirees can view the contact details of the medical team for any assistance or support.




"SEND MESSAGE" A live chat feature is available for retirees to connect with the medical team for any queries.





| | |
|---|---|
| Live chat with medical team |  |


| | |
|---|---|
| "PROFILE" Retirees can view their registration details here. |  |


| | |
|---|---|
| “DISPATCH ADDRESS” Retirees can update their current address details here. Retirees can change their dispatch address either to their registered address or to a new address. |  |

Confirm change of dispatch address to registered address



| | |
|---|---|
| Change dispatch address to new address |  |

| | |
|---|---|
| Confirm change of dispatch address to new address |   |

| | |
|---|---|
| Dispatch address changed to new address |  |